पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

**राज्यपाल ने सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं**

———————

लखनऊ : 15 मई, 2025

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सिक्किम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल जी ने अपने संदेश में कहा है कि प्राकृतिक सौंदर्य, जैव विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि से परिपूर्ण सिक्किम राज्य ने विकास के विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सिक्किम राज्य निरंतर प्रगति करता रहे और वहां के नागरिकों का जीवन समृद्ध एवं खुशहाल बने।

उन्होंने स्थापना दिवस के इस पावन अवसर पर सिक्किम वासियों के सुख, समृद्धि और उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

————————

संपर्क सूत्र :
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0—9161668080

